That the Delhi Laws (Special Provisions) Bill, 2006, as passed by Lok Sabha, be taken into consideration.

The motion was adopted.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: We shall now take up clause-by-clause consideration of the Bill.

Clauses 2 to 5 were added to the Bill.

Clause 1, the Enacting Formula, the Preamble and the Title were added to the Bill.

SHRI S. JAIPAL REDDY: Sir, I beg to move:

That the Bill be passed.

The question was put and the motion was adopted.

DISCUSSION ON THE INCIDENT AT DODA DISTRICT OF JAMMU AND KASHMIR—Contd.

डा॰ मुरली मनोहर जोशी (उत्तर प्रदेश): उपसभापति जी, मैं आपका आभारी हूं कि आपने देर से ही सही, लेकिन इस बहुत महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा की अनुमति दी है और मैं गृह मंत्री जी का भी आभारी हूं कि वह देर से ही सही इस सदन में पधारे और इस सदन के प्रति अपना सम्मान भाव व्यक्त किया, इसके लिए मैं उनका आभारी हूं। देर आयद दुरुस्त आयद।

उपसभापति जी, मैं बहुत दुखी और चिंताकुल हृदय से इस चर्चा को शुरू कर रहा हूं। मुझे क्षोभ भी है और सारे देश को इस प्रश्न पर बहुत क्षोभ हैं मैं समझ सकता हूं, मेरे सामने मेरे वरिष्ठ मित्र डा॰ कर्ण सिंह जी बैठे हैं, जो इस राज्य के किसी समय में महाराजा थे, राज्यपाल थे, सदर-ए-रियासत थे और आज भी यह क्षेत्र उनकी मातृभूमि है। मैं उनके दुख को भी समझ सकता हूं, मैं उनकी पीड़ा को भी समझ सकता हूं।

उपसभापति जी, मैं इस सवाल को किसी राजनैतिक पार्टी या पार्टी के बीच का सवाल नहीं मानता हूं, न ही मेरा उद्देश्य इस सवाल को किसी साम्प्रदायिक रूप में देखने का है। लेकिन अगर परिस्थितियों में कुछ ऐसी बात आती है, किसी एक समुदाय विशेष द्वारा किसी दूसरे समुदाय की हत्या की जाती है और उसमें हिन्दू और मुसलमान शब्द आता है, तो उसके साथ सम्प्रदाय को जोड़ना उचित नहीं है। यह राष्ट्र की सुरक्षा का सवाल है, यह राष्ट्र की सार्वभौमिकता का सवाल है, एकता और अखंडता का सवाल है और राष्ट्र के